an>

Title: Regarding the preachings of an Islamic Televangelist on Peace TV.

डॉ. किरीट सोमैया (मुम्बई उत्तर पूर्व) : माननीय अध्यक्ष जी, कुछ दिन पहले बंग्लादेश ढ़ाका में जो हत्याकांड हुआ, जो आतंकवाद का कहर बरपा, उसमें मुम्बई के डॉ. ज़ाकिर नाईक जो एक प्रचारक हैं, उनका नाम आगे आया। उनके द्वारा जो भाषण किये जाते हैं, इललीगल गैर-कानूनी पीस टी.वी. चैनल चलाया जाता है। उसका क्या प्रभाव होता है? इस बारे में अनेक प्रश्न उठे हैं। महाराष्ट्र सरकार और केन्द्र सरकार इसकी जांच कर रही है। आई एंड बी मिनिस्ट्री ने कुछ कार्यवाही की है। मैं आपके द्वारा सरकार से प्रार्थना करूंगा कि डॉ. जाकिर नाईक का क्या स्टेटस है? वह किस प्रकार का भाषण करते हैं? उनके कारण हिन्दुस्तान के नौजवान आतंकवाद के प्रति क्या प्रेरित होते हैं? जो उसकी जांच चल रही है, वह सदन के सामने रखे।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री राजेन्द्र अग्रवाल,

श्री रोड़मल नागर और

श्री आलोक संजर को डॉ. किरीट सोमैया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।